## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कथली नदी चंदिया में श्रमदान कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया ।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चंदिया नगर में स्थानीय कथली नदी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला के निर्देशन से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर घाट में पडे कचड़े को, जल कुंभी , पन्नी, आदि निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया गया । जल को संरक्षित करने की कार्य योजना पर चर्चा की गई । कार्यकम में प्रयासम सोसायटी से राकेश शर्मा , अशोक अग्रवाल , मुख्य नगर परिषद अधिकारी , राजेश उपाध्याय , स्वच्छता निरीक्षक , जानकी दास मिश्र पार्षद अखिल अग्रवाल , लेखपाल , आकाश दुबे एवं आम जनमानस के साथ साथ सीएमसीएलडीपी पंकज कोरी, प्रभात सिंह राजपूत, राजकुमार यादव, रमपत यादव, वंदना सिंह , राघवेंद्र द्विवेदी परामर्शदाता सेक्टर क्रमांक 04 उपस्थित रहे ।

### सामान्य सभा एवं सामान्य समिति की बैठक संपन्न

**उमरिया।** जिला पंचायत उमरिया की सामान्य सभा व सामान्य समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई । इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, समिति के सदस्यगण सहित समिति से जुड़े जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे । बैठक में मुख्य रूप से पूर्व बैठक में विभागों द्वारा प्रदाय किये गये पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। बैठक में वन विभाग, जल निगम व विद्युत विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा सदस्यों द्वारा की गई। 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले कार्यो का अनुमोदन किया गया।

### एसडीएम पाली ने किया पटाखा दुकानों का निरीक्षण

**उमरिया ।** गुजरात मे पटाखा फैक्ट्री में हुई दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए ऐसी किसी अप्रिय घटना को होने से रोकने के लिए पटाखा दुकान और निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी पाली अंबिकेश प्रताप सिंह व्दारा किया गया । निरीक्षण के दौरान उन्होने पाली स्थित विभिन्न पटाखा दुकानो तथा पटाखे बनने वाले स्थल का निरीक्षण किया ।इस दौरान उन्होने सुरक्षा व्यवस्था' का भी जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

### मासूम से दुकानदार ने की अश्लील हरकत

**शहडोल।** जिले की कोयलांचल नगरी धनपुरी से एक शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 9 साल की मासूम बच्ची जब दुकान पर चिप्स लेने गई, तो दुकानदार ने उसके साथ अश्लील हरकत कर दुराचार का प्रयास किया। आरोपी की पहचान इस्तियाक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बच्ची जैसे ही दुकान पर पहुंची, आरोपी ने उसे जबरन दुकान के अंदर खींच लिया और गलत हरकत करने लगा। मासूम ने साहस दिखाते हुए आरोपी को दांत से काटा और किसी तरह वहां से भाग निकली। घर पहुंचकर उसने सारी घटना परिजनों को बताई। इसके बाद परिवार वाले तुरंत धनपुरी थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपी इस्तियाक को हिरासत में ले लिया है और मामले में आवश्यक धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। हिन्दू संगठनों ने चेतावनी दी थी कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। एसपी रामजी श्रीवास्तव का कहना है कि मामले की जानकारी लगी है। पीड़िता की शिकायत पर धनपुरी पुलिस वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### मायभारत पोर्टल पर जलदूत वालंटियर के रूप में कराए पंजीयन

**अनुपपुर ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जन भागीदारी को दृष्टिगत रखते हुए माय भारत पोर्टल के माध्यम से वालंटियर जल दूत का पंजीयन किया जा रहा है। जल दूत वॉलिंटियर के रूप में सभी सहयोगिजन पंजीयन कर सकते हैं इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ट शर्मा ने बताया है कि अभियान में सहयोगी बनने सभी लोग माय भारत पोर्टल के माध्यम से जलदूत वॉलिंटियर का पंजीयन सरलता से कर सकते हैं। पंजीयन पश्चात डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त होता है।

# लोकल क्षेत्रीय ट्रक मालिक संघ को बदनाम करने विरोधियों ने रचा षड्यंत्रः राजेश रजक

## जांच और उचित कार्यवाही की लोकल क्षेत्रीय ट्रक मालिक संघ ने की मांग

**(बिलाल अहमद )**
**पीपुल्स प्रवक्ता, अनूपपुर ।**

अनूपपुर जिले में कोयला उत्पादन के बाद परिवहन के लिए ट्रक संघ और ट्रक मालिकों के हितों में कार्य करता है जिस पर निश्चित दूरी पर परिवहन का भाड़ा तय करना और लोकल परिवहन करता को परिवहन की प्राथमिकता के लिए लड़ाई लड़ता है लेकिन अनूपपुर जिले में ट्रक संघ और ट्रक एसोसिएशन की लड़ाई वर्चस्व की लड़ाई बन कर रह गई है। हाल ही में लोकल क्षेत्र ट्रक मालिक संघ के ऊपर शिकायत के आधार पर विभिन्न आरोप लगाए गए हैं वहीं उन लगाए गए आरोप पर लोकल क्षेत्र ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष ने जांच कर पारदर्शिता के साथ उचित कार्यवाही की मांग की है और उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ विद्रोही के साथ मिलकर फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से संघ में फर्जी नियुक्ति का षड्यंत्र रचा गया था जिसका खुलासा होते ही उक्त व्यक्ति द्वारा फर्जी शिकायत करवा कर संघ को बदनाम करने का कार्य किया जा रहा है जिस पर रामनगर थाना पहुंचकर लोकल क्षेत्र ट्रक मालिक संघ के सदस्यों ने जांच और कार्यवाही की मांग की है।

### लोकल क्षेत्र ट्रक मालिक संघ के ऊपर लगाए गए आरोप पर बोले अध्यक्ष

लोकल क्षेत्रिय ट्रक मलिक संघ के अध्यक्ष राजेश रजक के नेतृत्व में रामनगर थाना में ज्ञापन सौपा गया जहां पूर्व में सचिव पद पर पदस्थ रामपाल तिवारी पर कई अनैतिक कार्यो जैसे पैसा गमन, संघ के विरुद्ध लिखना व संघ को बदनाम करना का आरोप लगते हुए दिनांक 05 मार्च 2025 को सर्व सम्मति से

### पहले किये फर्जी हस्ताक्षर अब फर्जी शिकायत कर बदनाम करने की साजिश

लोकल क्षेत्रीय ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष राजेश रजक ने पूर्व सचिव रामपाल तिवारी पर फ़र्जी हस्ताक्षर कर फर्जी तरीके से नियुक्ति करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मेरे और अन्य सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी तरीके से नियुक्ति की जा रही थी जब वेरिफिकेशन के लिए पत्र रजिस्टर द्वारा जारी किया गया तो पूरे मामले का खुलासा हुआ इसके बाद पूर्व सचिव संघ को बदनाम करने की साजिश रचते हुए अनर्गल आरोप लगा कर फर्जी शिकायतें कर रहे हैं। थाने में हाल में ही शिकायत की गई थी जो की पूरी तरह से गलत है जिसकी जांच की जानी चाहिए।

प्रस्ताव पास कर सचिव पद से हटा दिया गया जिसके बाद रामपाल तिवारी द्वारा संघ के विरुद्ध और अध्यक्ष राजेश रजक के ऊपर अनर्गल आरोप लगाने का कार्य किया जा रहा है, राजेश रजक ने बताया की पूर्व सचिव रामपाल तिवारी को भरोसे में कई दस्तावेज हस्ताक्षर युक्त कई पत्र दिया गया था जिसका रामपाल द्वारा उसका दुरूपयोग किया जा रहा है। साथ ही सदस्यों का फर्जी हस्ताक्षर कर लगातार अध्यक्ष को बदनाम किया जा रहा है जिसकी जॉच कर उचित कार्रवाई की मांग को लेकर रामनगर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया है।

### ट्रक मालिकों के हित में कार्य करना दलालों को पड़ रहा भारीः दीपक गुप्ता

लोकल क्षेत्रीय ट्रक मालिक संघ के सदस्य दीपक गुप्ता ने कहा कि लोकल क्षेत्रीय ट्रक मालिक संघ क्षेत्र के लोकल परिवहन करता या ट्रक मालिकों के हित का कार्य करता है, लोकल क्षेत्रीय ट्रक मालिक संघ के संघटनात्मक घोषणा के बाद से ही दूसरे ट्रक एसोसिएशन या ट्रक कोयला परिवहन संघ द्वारा विद्रोह की भावना रखते हुए दलाली प्रभावित होने के कारण लगातार अनर्गल आरोप लोकल क्षेत्रीय ट्रक मालिक संघ के ऊपर लगाए जा रहे हैं। जबकि लोकल क्षेत्रीय ट्रक मालिक संघ का उद्देश्य केवल तीन बिंदुओं पर काम करता है पहले बिंदु लोकल या क्षेत्रीय ट्रक परिवहनकर्ता को लोडिंग की प्राथमिकता देना, दूसरा ट्रक मालिक को जिसमें लाभ हो सके उसके भाड़ा के निर्धारण करवाने का प्रयास करना पहली प्राथमिकता है लेकिन संघ के एक्टिव होने के बाद से जिन दलालों को नुकसान पहुंचा है उनके द्वारा ही लगातार गलत आरोप लगाकर लोकल क्षेत्रीय ट्रक मालिक संघ को बदनाम करने का कार्य किया जा रहा है जिस पर प्रशासन को पारदर्शिता तौर पर जांच और कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

# जंगली सुअर के शिकार के लिए बिछाया करंट

## दो ग्रामीणों की मौत, चार आरोपी गिरफ्तार

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

ब्यौहारी थाना क्षेत्र के गहनुआ नाला में बीते 31 अक्टूबर की रात करंट की चपेट में आकर दो ग्रामीणों की मौत हो गई थी। मामले की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने करंट फैलाकर जंगली सुअर का शिकार करने की साजिश रचने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सूचना के मुताबिक, मोलेराम कोल ने थाना ब्यौहारी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 31 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे कैलाश कोल और छोटू कोल गहनुआ नाला से मोटर पंप बंद कर लौट रहे थे, तभी वे नंगी बिजली की तारों की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद मर्ग कायम कर मामला विवेचना में लिया था। जांच के दौरान शवों का पीएम कराकर गवाहों और फरियादी के बयान दर्ज किए गए। इसके बाद 1 अप्रैल 2025 को मुखबिर की सूचना पर चार संदेही मंदीप कोल, हरिशंकर कोल, झल्लू कोल और उमेश पटेल को पूछताछ के लिए तलब किया गया। पूछताछ में सभी ने कबूल किया कि उन्होंने जंगली सुअर का शिकार करने के लिए खेत में करंट फैलाया था, उसी में फंसकर कैलाश और छोटू की जान चली गई। यह कार्यवाही एसडीओपी रवि प्रकाश कोल के निर्देशन और थाना प्रभारी अरुण पांडेय के नेतृत्व में की गई। इस दौरान उप निरीक्षक मोहन पडवार, श्याम सिंह, सउनि गया प्रसाद कन्नौजे, प्रआर नरेंद्र उपाध्याय, केदार सिंह, त्रिलोक सिंह, अमृत यादव, अजीत यादव, पुष्पेन्द्र सिंह, राजीव सिंह एवं गंगासागर गुप्ता की अहम भूमिका रही।

# नरवाई में आग लगाना प्रतिबंधित, आदेश जारी

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ केदार सिंह ने आदेश जारी किया है कि जिले में धान एवं गेंहू मुख्य फसल के रूप में की जा रही है। उक्त फसलों की कटाई मुख्य रूप से कंबाईन हार्वेस्टर के माध्यम से की जाती है। कंबाईन हार्वेस्टर से कटाई उपरांत फसलों की नरवाई में आग लगाने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। आग लगाने से भूमि की उर्वरा शक्ति में कमी होती है तथा पर्यावरण भी गंभीर रूप से प्रभावित होता है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं की सेटेलाईट मैपिंग की जा रही है। नरवाई में आग लगाना कृषि के लिये नुकशानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षो में गंभीर स्वरूप की अग्नि दुर्घटनायें घटित हुई है तथा व्यापक संपत्ति की हानि होती है। ग्रीष्म ऋतु में बढ़ते जल संकट में इससे बढोत्तरी तो होती है ही साथ ही कानून व्यवस्था के लिये विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती है। खेत में आग के अनियंत्रित होने पर जन, धन, संपत्ति, प्राकृतिक वनस्पति एवं जीव जन्तु आदि नष्ट हो जाते हैं, जिससे व्यापक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनैः शैनः घट रही है और उत्पादन प्रभावित होता है। खेत में पड़ा कचरा भूसा डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं, जिन्हें जलाकर नष्ट करना ऊर्जा को नष्ट करना है।

आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जारी ओदश में समस्त हार्वेस्टर मालिकों को निर्देशित किया गया है कि फसलों की कटाई में उपयोग किये जाने वाले कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा। कंबाईन हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अथवा स्ट्रा रीपर में से कोई भी एक मशीन साथ में रखना अनिवार्य होगा। फसलों की कटाई उपरांत नरवाई में आग लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा साथ ही नरवाई में आग लगाना दण्डनीय होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूध्द भा.न्या.सं. की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

# प्रत्येक बूथ में मनाया जाएगा भाजपा स्थापना दिवस

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने शुक्रवार को चर्चा के दौरान बताया कि प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत शर्मा के निर्देशानुसार 6 अप्रैल पार्टी स्थापना दिवस के लिए जिला व मंडल टोली का गठन किया गया है जिला टोली में जिला महामंत्री संतोष लोहानी को कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है सह संयोजक राकेश तिवारी पुष्पेंद्र पटेल रविन्द्र वर्मा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की मंशानुसार 6 अप्रैल-पार्टी स्थापना दिवस पर पार्टी के जिला कार्यालयों सहित कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडा फहराना है, सेल्फी लेना है और उन्हें सोशल मीडिया पर #BJPyViksit Bharat देग के साथ पोस्ट किया जाएगा समस्त पार्टी कार्यालय को सजाकर मिठाई का वितरण होगा। जिलास्तर पर प्रदर्शनी लगेगी। 6 अथवा 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक सदस्यों को एकत्रित करके पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 8 और 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा 8 को ब्यौहारी और जैतपुर विधानसभा

9 को जयसिंहनगर विधानसभा के सम्मेलन होगे। 7 से 13 अप्रैल के बीच मंडल अयक्ष स्तर से ऊपर के सभी भाजपा पदाधिकारियो पुराने और नए जनपद पंचायतों और पार्षदों के स्तर से ऊपर के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को माँग बस्ती चलो अभियान में भाग लेंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरे दिन (कम से कम 8 घंटे के लिए गाँध या मोहल्ल बस्ती का दौरा करेंगे साथ ही मंदिर या अस्पताल या स्कूल या गलियों में स्वच्छता अभियान। विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलना और उनसे बातचीत करना। आंगनवाड़ी केंद्र या स्कूल या पशु चिकित्सालय या प्राथमिक स्वास्थय केंद्र गापंचायत कार्यालय या किसी अन्य सरकारी संस्थान का दौरा करना।

जल स्त्रोतों/निकायों की सफाई। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं भाजपा के झंडों के साथ सभी गलियों में यात्रा निकालना। संध्या के समय ग्रामीणों क्षेत्र में निवासियों की चौपाल लगाना है एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं आपातकाल में स्ट्रक्चर/छत्रछ के तहत गिरफ्तार व्यक्तियों, कारसेवकों को सम्मानित करना। तो वहीं 14 अप्रैल-भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. मीनराव अंबेडकर की प्रतिमाओं की साफ सफाई करनी है. परिसर को सजाना है और शाम को दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजित किया जाएगा 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करना है और मिष्ठान वितरण किया जाएगा। संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जाना चाहिए।आंगनबाड़ी केंद्रों और और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में पेयजल स्यों के स्कूलों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए एवं परिसर की सफाई, सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाए। 15 अप्रैल से 25 अप्रैल (भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के अनुसूचित जाति महासंघ, लखनऊ में भाषण का दिन) के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के नेताओं के साथ कम से कम 2 सत्रों की जिला स्तरीय संगोळी आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता दौलत मनमानी जिला उपाध्यक्ष श्री भूपेंद्र मिश्रा जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता प्रदेश सह संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ अमित मिश्रा उपस्थित रहे।

### पुस्तक मेले का आयोजन 18 से 20 अप्रैल तक

**शहडोल।** जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल ने जानकारी दी है कि कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक की पुस्तकें, स्टेशरी, बैग, स्कूल ड्रेस एवं अन्य सामग्री अभिभावकों को उचित मूल्य पर सुलभ हो सके इस हेतु दिनांक 18, 19 एवं 20 अप्रैल 2025 को पुस्तक मेले का आयोजन शास. पालिटेकनिक कालेज शहडोल में किया जा रहा है। जिसमें जिले में संचालित अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों द्वारा पाठ्यपुस्तक एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री एवं यूनिफार्म उचित मूल्य पर क्रय की जा सकेगी।

## मां विराटेश्वरी धाम में चैत्र नवरात्रि की धूम

# आज महाअष्टमी की भव्य आरती, रविवार को विशेष श्रृंगार

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

नगर के मध्य स्थित ऐतिहासिक और श्रद्धा से परिपूर्ण श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व पूरी आस्था और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। श्री दुर्गा माता सेवा समिति के तत्वावधान में नवरात्रि महापर्व के अंतर्गत 5 से 8 अप्रैल तक एक के बाद एक चार दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें महाअष्टमी की महाआरती, महानवमी पर विशेष श्रृंगार, सोमवार को विशाल भंडारा और मंगलवार को भव्य जवारा जुलूस शामिल हैं।

### भक्ति, सेवा और व्यवस्था का अद्वितीय संगम

सेवा समिति के सेवादार विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू हुए इस महापर्व में पहले दिन से ही मां

भगवती की पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती पाठ, दीपदान, भोग अर्पण और जलाभिषेक जैसे धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा भाव से किए जा रहे हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी आशीषराज तिवारी एवं जयंतराज तिवारी ने बताया कि शनिवार 5 अप्रैल को महाअष्टमी के दिन भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। रविवार 6 अप्रैल को महानवमी के अवसर पर मां भगवती का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जिसमें उन्हें पारंपरिक परिधान, आभूषण, फूलों और दिव्य वस्त्रों से सजाया जाएगा। श्रद्धालु पूरे दिन मां के अलौकिक स्वरूप के दर्शन कर सकेंगे। सोमवार 7 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें नगरवासियों और दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन वितरित किया जाएगा। समिति द्वारा भोजन व्यवस्था के साथ ही बैठने, पेयजल, साफ-सफाई और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### बजेगा ढ़ोल नाचेंगी काली

मंगलवार 8 अप्रैल को चैत्र नवरात्रि के समापन पर ढोल-नगाड़ों और काली खप्पर नृत्य के साथ भव्य जवारा जुलूस मंदिर से प्रारंभ होगा। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मोहनराम तालाब पहुंचेगा, जहां मां के जवारों का पारंपरिक रूप से विसर्जन किया जाएगा। इस मौके पर नगर में मां के जयघोष गूंजेंगे और आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिलेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु समिति द्वारा जूता-चप्पल स्टैंड, वाहन पार्किंग, नारियल तोड़ने की जगह, जल वितरण, विद्युत व्यवस्था, प्रसाद वितरण एवं साफ-सफाई जैसे सभी इंतजाम निशुल्क किए गए हैं। यह सब कुछ सेवा समिति के समर्पित सेवादारों की मेहनत का परिणाम है, जो पिछले 30 वर्षों से अनवरत मां के दरबार में सेवा दे रहे हैं। इन सेवादारों में जयंतराज तिवारी, आशीषराज तिवारी, अंकितराज तिवारी, गीतेशराज तिवारी, मनीषराज तिवारी, विकास तिवारी, संरक्षक नारायण पांडे, अशोक मिश्रा, नंदकिशोर, रामचंद्र, चेलानी, अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास गुप्ता, अनिल सैनी भालू, देवेंद्र द्विवेदी, विनय केवट, राजेश त्रिपाठी, अजय, विकास तिवारी श्रीवास्तव, मृगेंद्र सिंह, देवेंद्र गुप्ता, राकेश यादव, रवि शंकर गौतम, राहुल श्रीवास, आलोक खटोर, सोमू गुप्ता, गोलू सोनी, शुभम अग्निहोत्री, शिवम दुबे, शुभम दुबे, विद्याचरण उपाध्याय, रामकिशोर केवट, रवि केवट, जतिन मंगलानी, गौतम राज, लवली, आकाश चौधरी, अज्जू विश्वकर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।